>

Title: Alleged corruption for organizing SAF Games in Uttarakhand.

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान सैफ गेम्स में हुई भारी धांधली की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। उत्तराखंड में सफल सैफ गेम्स के आयोजन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 130 करोड़ रूपए दिया गया था। सैफ गेम्स आयोजन के तहत चेयरकार लिफ्टिंग की मरम्मत के नाम पर पिछले तीन वर्षों में करोड़ों रूपए खर्च किए गए। करोड़ों रूपए की लागत से रोप-वे वायर खरीदे गए जो आज खुले में पड़े जंग खा रहे हैं जिनकी कीमत सात करोड़ रूपए से दस करोड़ रूपए तक है। इस प्रकार कृत्रिम बर्फ बनाने हेतु 6.5 करोड़ रूपए की लागत से 70 के दशक की पुरानी स्नो-मेकिंग मशीन खरीदी गयी जिसे सही करवाने के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर दिए गए। परन्तु, वह सही नहीं हुई। सैफ गेम्स के आयोजन हेतु स्कीइंग स्लोप के अनियोजित निर्माण के कारण बरसात के दौरान स्लोप बह गया था तथा उसके मलबे ने जोशीमठ में ही नहीं, बल्कि सैकड़ों नाली-उपजाऊ भूमि को नष्ट कर दिया है। लगभग सत्तृह लाख रूपए खर्च करने के बाद भी ऑली में स्केटिंग रिंग का कार्य अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। इसकी जांच अत्यंत आवश्यक है।

महोदय, आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह सैफ गेम्स के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित 130 करोड़ रूपए का हिसाब उत्तराखंड सरकार से मांगे तथा उसमें हुई धांधली की जांच करे। धन्यवाद।